दिनांक 27.01.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ गणतंत्र दिवस के 69 वें वर्षगाठ पर नगर पालिक निगम, भिलाई के मुख्य कार्यालय में महापौर देवेन्द्र यादव ने निगम आयुक्त के0एल0 चौहान की उपस्थिति में भारत माता के तैल्य चित्र का पुजा अर्चना एवं माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया गया। निगम के जोन 01, 02 व 05 कार्यालय में जोन अध्यक्षों, जोन 04 पी0 श्यामसुन्दर राव सभापति एवं जोन 03 जोन आयुक्त बी0के0 देवांगन, और जोन 06 में वरिष्ठ पार्षद चुम्मन देशमुख के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य, पार्षदगण, एल्डरमेन, निगम के अधिकारी, कर्मचारी सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

इस अवसर पर निगम मुख्य कार्यालय में महापौर देवेन्द्र यादव, आयुक्त के0एल0 चौहान के द्वारा निगम भिलाई में कार्यरत् 12 कर्मचारियों के द्वारा **परिवीक्षा अवधि दो वर्ष पूर्ण करने के पश्चात् स्थाई किये गये कर्मचारियों के नाम–** श्रीमती मनीषा श्रीवास, सहायक राजस्व निरीक्षक, श्रीमती सीमा सिंह, श्री विजय कुमार फिल्ड वर्कर, श्री राजेश्वर सिंह चंदेल, श्री अल्ताफ मोहम्मद भृत्य, श्री घसिया, श्री विष्णु पटेल, श्री कट्टा नारायण श्रीमती एम. पार्वती, श्री दिलीप कुमार, श्री गैंदलाल, श्री राजाराम निषाद हेल्पर/क्लीनर, **द्वितीय समयमान वेतनमान** 02 कर्मचारी श्री मंगल प्रसाद कुर्रे राजस्व उप निरीक्षक, श्री दुजेराम वर्मा चैनमेन, **अनुकंपा नियुक्ति 02 कर्मचारियों** स्व. ईतवारी राम कोसरे के पुत्र श्री अगरदास कोसरे, स्व. श्रीमती दशोदा बाई के पुत्र श्री महावीर निषादराज को भृत्य आदेश की प्रति प्रदान की गई ।

इस अवसर पर निगम महापौर श्री यादव ने उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निगम के विकास के लिए एवं नागरिकों को मूलभुत सुविधा उपलब्ध कराना निगम की पहली प्राथमिकता है इसमें निगम के अधिकारी, कर्मचारियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है आप लोग दिये गये जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। इस अवसर पर महापौर द्वारा स्मार्ट भिलाई निगम ऐप्प का लांच किया।

निगम आयुक्त श्री चौहान ने स्वच्छ भारत मिशन निगम के अधिकारी, कर्मचारियों के द्वारा एक जुटता से जो कार्य किया गया व शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आम नागरिकों से भीम ऐप्प डाउनलोड कराया गया वह एक सराहनीय कदम है इसके लिए मैं आप लोगों को बधाई देता हुं तथा आगे भी आप लोग क्षेत्र के विकास के लिए एवं शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं जो सीधे आम जनता से जुड़ी हुई है उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से करें।

जन सम्पर्क अधिकारी